**विचारणीय-विषय**

**कौशल प्रयोगशाला मास्टर प्रशिक्षक (नर्स)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**रिपोर्टिंग अधिकारी:** उपायुक्त (मातृ स्वास्थ्य)

**पर्यवेक्षण अधिकारी:** राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला का नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी।

**कार्य स्थल :** दिल्ली

**प्रमुख कर्तव्य :**

पद धारक, कौशल प्रयोगशाला में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक दल के भाग के रूप में सेवा पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कार्य करेगा और निगरानी व मूल्यांकन संबंधी क्रियाकलापों में परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा। वह सभी भागीदारों के डेटाबेस की प्रविष्टि और अनुरक्षण में मदद करेगा और प्रशिक्षण संबंधी सामग्री तैयार करने में सहायता करेगा।

पद धारक, संकाय और अपने नोडल केन्द्र के सेवा प्रदाताओं के क्षमता निर्माण में प्रशिक्षण और सहायता का समयबद्ध प्रावधान सुनिश्चित करेगा।

इस पद के लिए कुशल प्रसव परिचर( सीबीए), परिवार नियोजन (एफपी) में अनुभव ओर तकनीकी विशेषज्ञता मजबूत समन्व्यन कौशल और/या बाल स्वास्थ्य समकक्षों के साथ और स्वस्थ व्यावसायिक संबंध विकसित करने की क्षमता आवश्यक है।

नोडल केन्द्र के भीतर प्राथमिक कार्यकर्ता संबंधों में अन्य परामर्शदाताओं के साथ-साथ प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के अध्यक्ष, पर्यवेक्षक नोडल केन्द्र और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी शामिल हैं।

पदधारक अपेक्षित राज्यों में इस कार्यक्रम हेतु आवश्यक तकनीकी सहायता और सहयोग कार्यक्रम प्रबंधन उपलब्ध कराएगा। वह समय-समय पर प्रसव कक्ष स्टाफ का संरक्षक होगा और प्रसव कक्ष में संक्रमण निवारण प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

**तकनीकी और प्रशिक्षण (मुख्य) उत्तरदायित्व :**

- कौशल स्टेशन की स्थापना में और तकनीकी प्रोटोकॉल वाले प्रसूति कक्ष के उन्नयन में सहायता।
- भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार आरएमएनसीएच+ए हेतु प्रशिक्षुओं को मुख्य मानकीकृत तकनीकी कौशल और ज्ञान का अर्जन/पोषण करना।
- कौशल मानकों के क्रियान्वयन के माध्यम से कौशल प्रयोगशाला की संबंधित स्थल पर शैक्षिक और मूल्यांकन प्रक्रियाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार करना।
- कौशल प्रयोगशाला में प्रशिक्षण का आयोजन सुगम बनाना।
- ज्ञान और कौशल के प्रशिक्षण पश्चात स्थानांतरण में मास्टर ट्रेनरों/प्रशिक्षित संकाय की सहायता करने और साथ देने के लिए नियत जुड़े राज्यों के परामर्शक दौरे करना और निष्पादन मानकों के क्रियान्वयन में सहायता करना।

- पूर्व अपेक्षित प्रारूपों में प्रशिक्षित कार्मिकों का डेटाबेस तैयार करना और अनुरक्षा करना और प्रशिक्षुओं के निष्पादन का मूल्यांकन करना।
- प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आंकलन करने और प्रशिक्षकों के निष्पादन का आंकलन करने के लिए कौशल प्रयोगशाला की आवधिक निगरानी/परामर्शन करना।
- संस्थान पर्यवेक्षक और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी से परामर्श करते हुए और निष्पादकों (प्रशिक्षुओं) की पहचान।
- प्रत्येक राज्य में प्रदानगियों का डेटाबेस बनाए रखना।
- वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और नोडल अधिकारी से परामर्श करते हुए परामर्शदाता संस्थाओं के वार्षिक लक्ष्य तैयार करना।
- अपेक्षित कौशल सीखने के लिए प्रशिक्षुओं के लिए समर्थकारी वातावरण उपलब्ध कराना।
- पुतलों और अन्य चीजों को उनके निर्धारित कौशल स्टेशन पर अनुरक्षण सुनिश्चित करना।
- किसी वस्तु के टूटने या कमी की सूचना उनके निर्धारित कौशल स्टेशन को देना
- दौरा योजना और दौरा रिपोर्ट वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करना।
- जब कौशल प्रयोगशाला में कोई प्रशिक्षण नहीं आयोजित होता है, अधोहस्ताक्षरी आदि एसएचओ/एलएचएमसी प्रयोगशालाओं में तैनात है, निगरानी दौरों के माध्यम से कार्य समय के भीतर और उसके अनधिक समय में अभ्यास में अंतरालों का निरीक्षण करना।
- प्रसूति कक्ष स्टाफ को नियमित और आवधिक परामर्शन की सुविधा देना और प्रसूति कक्ष में संक्रमण निवारण प्रोटोकॉल का अनुपालन।

**प्रबंधन:**

- नोडल केन्द्र और एमएंडई फ्रेमवर्क के अन्य सूचकों में प्रशिक्षण की निगरानी
- प्रसूति कक्ष के स्टाफ के साथ नियमित रूप से बैठक और तकनीकी प्रोटोकॉल के कार्यान्वियन सहित उनकी सहायता करना।
- राष्ट्रीय/राज्य नोडल केनद्रों में प्रशिक्षण से संबंधित सभी संबद्ध गतिविधियों और संभार तंत्र को सुविधाजनक बनाना।

**अनिवार्य अर्हता और अनुभव:**

**व्यक्ति विनिर्देश**: 8 राष्ट्रीय आरएमएनसीएच कौशल प्रयोगशाला प्रशिक्षण (नर्स) अधिकारी के पास निम्नलिखित अनिवार्य अर्हता और अनुभव होना चाहिए।

**शैक्षिक प्रशिक्षण योग्यता:**

एमएससी नर्सिंग* या बीएससी नर्सिंग के साथ प्रसूति एवं स्त्री रोग कार्य/बाल स्वास्थ्य नर्सिंग क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

**अनुभव:**

अनिवार्य अनुभव:  मातृ और नवजात स्वास्थ्य या नैदानिक प्रशिक्षण अनुभव सहित कौशल प्रयोगशाला में नैदानिक क्षेत्र अनुभव।

**वांछनीय अनुभव:**

कुशल प्रसव/उपस्थिति/प्रसूति कक्ष/नवजात/बाल स्वास्थ्य/परिवार नियोजन/एसएनसीयू जैसे किसी भी संबद्ध कार्यक्रम में तकनीकी सहायता/परामर्श/शिक्षण अनुभव का अनुभव

या

शैक्षिक या नैदानिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कार्य करने का 3-5 वर्ष का अनुभव

*नर्सिंग परिषद की पंजीकरण आवश्यकताओं को पूरा करना।

**संप्रेषण कौशल:**

अच्छा पारस्परिक कौशल: प्रभावी रूप से संप्रेषण और प्रशिक्षित करने की योग्यता सहित विश्वस्त संप्रेषण ; अच्छी सरलीकरण और कोचिंग कौशल ; एक दल के सदस्य के रूप में कार्य करने की योग्यता ; उत्कृष्ट समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल; सरकारी व्यवस्था में कार्य में मजबूत प्रेरणा; अंग्रेजी और हिंदी में मजबूत लिखित व मौखिक संप्रेषण कौशल; किसी राष्ट्रीय कार्यक्रम दल में कार्य करने की योग्यता और विभिन्न प्रकार के दल के सदस्यों के साथ नियमित विचार-विमर्श।

**कंप्यूटर दक्षता:**

एमएस वर्ड,एक्सल व पावर प्वांइट प्रेजेंटेशन सहित एमएस ऑफिस में दक्षता: एक बेसिक डेटाबेस बनाए रखने की योग्यता ।

**वांछित दक्षताएं:**

- संबंधित कार्यक्रमों में से किसी में भी तकनीकी/सहायता/परामर्श प्रदान करने का अनुभव
- शिक्षण अनुभव
- आरएमएनसीएच+ए से संबंधित क्षेत्र में अद्यतन प्रगति की अच्छी जानकारी।

आयु सीमा: 45 वर्ष से कम।

**वेतन की पेशकश :** रु.50,000/- से रु. 68,000/- रुपये प्रति माह

**नियुक्ति की प्रकृति :**

कुशल प्रयोगशाला मास्टर ट्रेनर (डॉक्टर) की नियुक्ति आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर होगी (संतोषजनक निष्पादन के अधीन) तथा निष्पादन के आधार पर आगे वर्षों के लिए बढ़ाई जा सकती है। तिमाही आधार पर नियमित मूल्यांकन।

**छुट्टी :**

प्रतिवर्ष 12 दिनों की चिकित्सा छुट्टी। 3 कार्य दिवसों से अधिक चलने वाली किसी भी चिकित्सा छुट्टी को किसी डॉक्टर के प्रमाणपत्र से साबित करना होगा।

15 दिनों की गैर संचयी वार्षिक अवकाश, बिना नकदी ।

**यात्रा** : इस पद पर पदधारक को रोजगार अवधि की 30 प्रतिशत तक यात्रा करनी होगी।

**आवेदन कैसे करें:** कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org **में** दिनांक **06-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे।** केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।